प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–13.10.2023 (सं0–336)

पुलिसकर्मियों के कल्याण से सम्बन्धित

पुलिस मुख्यालय अपने कर्मियों के उत्थान तथा कल्याण के लिए सजग तथा निरन्तर क्रियाशील है। अभी हाल हीं में एक माह के अन्दर लगभग 01 माह की अवधि में कुल 9478 उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार दिया जा चुका है।

दिनांक 01.09.2023 को पुलिस महानिदेशक, बिहार की अध्यक्षता में बिहार पुलिस संगठन के कल्याण हेतु एक बैठक आयोजित की गयी थी। बैठक में शहीद पुलिसकर्मियों को सहायता प्रदान करने तथा सेवा अवधि में मृत पुलिसकर्मियों को बिहार पुलिस सैलरी पैकेज के तहत लाभ दिलाने हेतु लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय स्तर से कृत कार्रवाई निम्नलिखित हैः–

1. शहीद पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के परिजन को सरकारी एवं गैर सरकारी लाभ दिलाने में सहायता प्रदान करने हेतु एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति शहीद पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को सभी प्रकार के मिलने वाले लाभों को प्राप्त कराने में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सहयोग प्रदान करेगी। समिति का स्वरूप निम्न प्रकार हैः–
   - I. पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, बिहार, पटना – अध्यक्ष।
   - II. सहायक पुलिस महानिरीक्षक, कल्याण, बिहार, पटना – सदस्य।
   - III. सहायक पुलिस महानिरीक्षक, बि0वि0स0पु0, बिहार, पटना – सदस्य।

   (पुलिस मुख्यालय के पत्रांक वित्त–2/IV–01.11.2023/1154, मुख्यालय एवं बजट प्रभाग, दिनांक 10.10.2023 के द्वारा आदेश निर्गत)

2. पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को उनकी सेवा अवधि में मृत्यु अथवा अन्य निर्धारित घटना घटित होने पर पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ दिलाने हेतु पुलिस मुख्यालय, जिला, वाहिनियों तथा इकाइयों में नोडल पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किया गया है जो निम्न प्रकार हैंः–
   - I. पुलिस मुख्यालय, बिहार, पटना के लिए– सहायक पुलिस महानिरीक्षक, निरीक्षण।
   - II. सभी जिलों में – पुलिस उपाधीक्षक,(मु0)/लेखा प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक।
   - III. बि0वि0स0पु0 की सभी वाहिनियों में – लेखा प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक।
   - IV. सभी इकाइयों में– लेखा प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक।

   (पुलिस मुख्यालय के पत्रांक वित्त–2/IV–01.11.2023/1164, मुख्यालय एवं बजट प्रभाग, दिनांक 10.10.2023 के द्वारा आदेश निर्गत)

3. पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को उनकी सेवा अवधि में मृत्यु अथवा अन्य निर्धारित घटना घटित होने पर पुलिस सैलरी पैकेज का लाभ दिलाने हेतु बैंक के स्तर से सहयोग के लिए एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने हेतु मुख्य महाप्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना 800001 के साथ पत्राचार किया गया है।
   (पुलिस मुख्यालय के पत्रांक वित्त–2/IV–01.11.2023/1165, मुख्यालय एवं बजट प्रभाग, दिनांक 10.10.2023 के द्वारा आदेश निर्गत)

XXXXXXX